भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1938**

दिनांक 11.03.2025 को उत्तरार्थ

**पंचायत योजना का कार्यान्वयन**

**†1938 .श्री चावड़ा विनोद लखमशीः**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान कच्छ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के भुज, अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों में जिला पंचायत विकास योजना (डीपीडीपी) के तहत किए गए विभिन्न कार्यों के साथ-साथ पंचायत योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**
**(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)**

(क) और (ख) पंचायत राज्य का विषय है और पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायक एवं पूरक है, जिसमें योजनाओं के तहत निधि सहायता के साथ-साथ पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) के कामकाज के लिए वित्त आयोगों के तहत अनुदान भी शामिल है। यह मंत्रालय (i) राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) की केंद्र प्रायोजित योजना जिसका प्राथमिक उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों (ईआर) और उनके पदाधिकारियों का क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को मजबूत बनाना, ग्राम पंचायत भवन और कम्प्यूटरीकरण जैसी अवसंरचनात्मक सहायता प्रदान करना है, (ii) पंचायतों को प्रोत्साहन (आईओपी), आरजीएसए योजना का एक केंद्रीय घटक है, जिसका उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना है, जिसके तहत सेवाओं और सार्वजनिक वस्तुओं की आपूर्ति में सुधार के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाली पंचायतों को उनके श्रेष्ठ कार्य को मान्यता देने हेतु वित्तीय प्रोत्साहन सहित पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, (iii) ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी-ईपंचायत), आरजीएसए योजना का एक केंद्रीय घटक है जिसके तहत पीआरआई के कामकाज में दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता लाने तथा इसके समग्र परिवर्तन के लिए पंचायतों के डिजिटलीकरण हेतु विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजनाओं को वित्तपोषित किया जाता है, को कार्यान्वित करता है। ये योजनाएं देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सभी ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए लागू की गई हैं।

जिला पंचायत विकास योजना और परियोजना का क्रियान्वयन एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय के ई-ग्रामस्वराज पोर्टल के डेटा बेस के अनुसार पिछले पांच वर्षों के दौरान भुज, अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों के संबंध में डीपीडीपी के अनुसार शुरू की गई परियोजनाओं की जिलावार संख्या इस प्रकार है:

| क्र.सं. | ब्लॉक पंचायत एवं समकक्ष | की गई गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | **अब्दासा** | 9,477 |
| 2 | **अंजार** | 5,012 |
| 3 | **भुज** | 10,963 |
| 4 | **गांधीधाम** | 1,273 |
| 5 | **मांडवी** | 8,839 |
| 6 | **रापर** | 9,646 |

ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी), ब्लॉक पंचायत विकास योजना (बीपीडीपी) और जिला पंचायत विकास योजना (डीपीडीपी) के निर्माण में जनता की सक्रिय भागीदारी के लिए केंद्र सरकार के संबद्ध मंत्रालयों/विभागों के सहयोग से और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी से पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में जन योजना अभियान (पीपीसी) व्यापक रूप से आयोजित किए जाते हैं।

***